@shajahanpurpol

प्रेस नोट-सहारनीय कार्य 26.03.2023

थाना जलालाबाद पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

फर्जी आधार कार्ड बनाकर फर्जी बैनामा करने वाले 04 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, लैपटाप,प्रिन्टर, मोबाइल आदि बरामद ।

वादी मुकदमा श्री राजकुमार सिंह चौहान पुत्र रावेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पिडारा उत्तर थाना कलान जिला शाहजहाँपुर द्वारा दिनाक 25.03.2023 को फर्जी बैनामा करने वालो के खिलाफ मु0अ0स0 227/23 धारा 406/420/467/468/471/34 IPC पजीकृत कराया था।

श्री एस0 आनन्द वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर द्वारा घटना को गम्भीरता से लेते हुये श्री संजीव कुमार वाजपेई, पुलिस अधीक्षक ग्रमीण के निर्देशन मे श्री अजय कुमार राय क्षेत्राधिकारी जलालाबाद व प्रभारी निरीक्षक थाना जालालबाद प्रवीन सोलकी के कुशल नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा **दिनाक 26.03.2023 को समय 1.30 बजे कोला मोड** से अभियुक्त 1- सर्वेश पुत्र रामप्रकाश 2- ओमकार पुत्र रामस्वरूप 3. रविन्द्र पुत्र नन्हे सिंह 4. मुकेश पुत्र रामसेवक को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से विजेन्द्र पुत्र रामदुलारे निवासी मुसेपुर थाना शमशाबाद जिला फरुर्खाबाद का जाली आधार कार्ड जिस पर अभियुक्त ओमकार का फोटो लगा है और पता ओमकार का लिखा है व अभियुक्त सर्वेश के कब्जे से एक मोबाईल जिसमे कई आधार कार्ड व फोटो एव जमीन के कागज के फोटो है बरामद हुये जिन्होने पुछताछ पर बताया कि अभियुक्त मुकेश पुत्र रामसेवक नि0ग्राम आधीदेई थाना कलान जिला शाहजहापुर के जनसेवा केन्द्र से मुकेश द्वारा जाली आधार कार्ड तैयार करना बताया अभियुक्तगण की निशादेही पर मुकेश पुत्र रामसेवक उपरोक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले उपकरण लैपटाप , प्रिटर बरामद लैपटाप मे कई आधार कार्ड , जमीन के कागज आदि है। अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

विवरण पुछताछ –

अभियुक्त 1- सर्वेश पुत्र रामप्रकाश नि0 ग्राम झकरेली थाना कलान जिला शाह0 2- ओमकार पुत्र रामस्वरूप नि0 महामूदियापुर थाना कलान जिला शाहजहांपुर 3. रविन्द्र पुत्र नन्हे सिंह नि0 सुकनईया थाना कलान जि0 शाहजहांपुर ने पुछताछ पर बताया कि हमे जानकारी हुयी थी कि राजकुमार जमीन खरीदना चाहता है तो हमने राजकुमार के खेत के पास ही विजेन्द्र पुत्र रामदुलारे निवासी मुसेपुर थाना शमशाबाद जिला फरुर्खाबाद की जमीन गाटा सं0 535 ज/1 रकवा 0.300 हे0 व 440 रकवा 0.405 हे0 बतायी और मौके पर जमीन दिखाई और जमीन 12 हजार रुपये वीघा वेचना तय हुयी कागज निकलवाकर राजकुमार को दिये और कहा कि तुम चैक कर लो कागज सही है या गलत है राजकुमार ने इन्तकाब के आधार पर तहसील जलालाबाद मे चैक करा लिया जमीन पर कोई लोन या विवाद नही था। कुल 11 वीघा जमीन 12 हजार रुपये के हिसाब से 132000 रु0 मे राजकुमार के साथ बेचना तय हुयी हम तीनो ने मिलकर ओमकार के आधार कार्ड मे मुकेश पुत्र रामसेवक नि0ग्राम आधीदेई थाना कलान से विजेन्द्र पुत्र रामदुलारे का नाम EDIT कराकर जाली आधार कार्ड तैयार करा लिया जमीन विक्री के मिलने वाले पैसो मे से 60000 रु0 ओमकार को देना देना तय हुआ तथा 20 हजार रुपये सर्वेश 20 हजार रुपये रावेन्द्र व 20 हजार रुपये मुकेश को देना तय हुआ था। ओमकार को आधार कार्ड के साथ केवल खडा होना था और कहना था कि मेरी जमीन है मै वेच रहा हू। हम लोग वैनामा कराने दिनाक 25.03.2023 को तहसील मे आ गये राजकुमार हम सब को वैनामे मे गवाह बनाने लगा , फोटो और आधार कार्ड मागने लगा हमने गवाह बनने से मना कर दिया जिस पर राजकुमार को शक हो गया और राजकुमार अपने बयाने मे दिये 20 हजार रुपये वापस मागने लगा हम तहसील से पकडे जाने के डर से भाग गये थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1- सर्वेश पुत्र रामप्रकाश नि0 ग्राम झकरेली थाना कलान जिला शाह0
2- ओमकार पुत्र रामस्वरूप नि0 महामूदियापुर थाना कलान जिला शाहजहांपुर
3- रविन्द्र पुत्र नन्हे सिंह नि0 सुकनईया थाना कलान जि0 शाहजहांपुर
4- मुकेश पुत्र रामसेवक निवासी आधीदेई थाना कलान जनपद शाहजहांपुर

बरामदगी का विवरण-

1. 01 अदद लैपटाप
2. 01 अदद प्रिटर
3. 01 अदद मोबाईल
4. 01 अदद जाली आधारकार्ड,

पुलिस टीम का विवरण-

श्री प्रवीन सोलकी प्रभारी निरीक्षक थाना जलालाबाद शाहजहाँपुर
व0उ0नि0 सुदीश सिह सिरोही थाना जलालाबाद शाहजहाँपुर
है0का0 खालिक खान थाना जलालाबाद शाहजहाँपुर
का0 409 अशोक कुमार थाना जलालाबाद शाहजहाँपुर
का0 311 लोकेश कुमार थाना जलालाबाद शाहजहाँपुर
का0 1739 पुष्पेन्द्र कुमार थाना जलालाबाद शाहजहाँपुर